प्रेषक,

विनीत चौधरी,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्याय कक्ष संख्या-08, बुलन्दशहर।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद,
प्रयागराज।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश
बुलन्दशहर।

**विषय:- उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं०-14/2024/सा-3-243/दस- 2024/301(1)/2024, दिनांकित 28.06.2024 सपठित शासनादेश सं०-20/2024/ सा-3-76/दस/2024/301(1)/2024,दिनांक 11.07.2024 के प्रकाश में पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में विकल्प निर्धारण प्रारूप पर प्रस्तुतीकरण।**

**आदरणीय महोदय,**

1- विषय उपरोक्त के सम्बन्ध में सम्मान निवेदन करना है कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के शासनादेश सं०-14/2024/सा-03-243/दस-2024/301(1)/2024 दिनांक 28 जून 2024 वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 लखनऊ के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित राज्य सरकार के ऐसे सरकारी सेवक जिनका चयन ऐसे पद के सापेक्ष हुआ हो, जिसका विज्ञापन प्रदेश की नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) लागू किये जाने सम्बन्धी राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 28 मार्च 2005 के पूर्व हो चुकी थी, के सम्बन्ध में राष्ट्रीय पेशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के संबंध में विकल्प की व्यवस्था की गयी है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 द्वारा दिनांक 11 जुलाई 2024 के शासनादेश सं०-20/2024/सा-3-276/दस-2024/301(1)/2024 के माध्यम से विकल्प पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पत्र सं०-9283 VIIb-104 Admin D सेक्शन दिनांक 08.07.2024 एवं पत्र सं०-9691 IV-F-82 (PENSION) Admin(1) दिनांक 16.07.224 को भी प्रकरण के संबंध में विकल्प पत्र निर्धारित प्रारूप पर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को हार्ड कॉपी में एवं संबंधित अधिकारी के ई-सर्विसेज पर उपलब्ध ई-पोर्टल पर सॉफ्ट कॉपी समय से प्रेषित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

3- यह अवगत कराना समीचीन है कि अधोहस्ताक्षरी न्यायिक सेवा वर्ष 2003 बैच का न्यायिक अधिकारी है। **अधोहस्ताक्षरी की नियुक्ति उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा निर्गत विज्ञापन सं०-ए-2-ई-1/2003, दिनांकित 22 नवम्बर, 2003 में उल्लिखित रिक्तियों के सापेक्ष हुयी है। विज्ञप्ति के सापेक्ष नियुक्ति की तिथि दिनांक 26.05.2006 थी एवं योगदान की तिथि 17.06.2006 थी।** अधोहस्ताक्षरी का अब तक नवीन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत पेंशन कटौती (PRAN ID) सं०-110013975008 पर की जा रही है। अतः उ०प्र० राज्य के उपरोक्त शासनादेश दिनांकित 28.06.2024 के प्रकाश में अधोहस्ताक्षरी पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित है एवं पुरानी पेंशन योजना आच्छादित किये जाने हेतु विकल्प प्रस्तुत कर रहा है।

4- अतः उत्तर प्रदेश शासन के उपरोक्त शासनादेश एवं माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त पत्र के प्रकाश में प्रार्थी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने का विकल्प पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है, जो इस पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न करके प्रस्तुत किया जा रहा है।

अतः सादर अनुरोध है कि मेरा पुरानी पेंशन योजना से संबंधित विकल्प पत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं सम्बन्धित पेंशन प्राधिकारी के समक्ष रखने की कृपा करें।

ससम्मान।

Forwarded
Bulandshahr Judgeship
No. 2381/I Date 31/07/2024
Manjeet Singh Shearan
District Judge
Bulandshahr
30/07/24

दिनांक:-30.07.2024

भवदीय,
30/07/2024

(विनीत चौधरी)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्याय कक्ष संख्या-08, बुलन्दशहर।
(आई.डी. नं०-यू.पी.6365)

संलग्नक:- विकल्प पत्र मूलरूप में।

**शासनादेश संख्या- 20/2024/सा-3-276/दस-2024/301(1)/2024.**
**दिनांक 11 जुलाई, 2024 का संलग्नकः-**

## विकल्प पत्र

1. नाम- **विनीत चौधरी**
2. वर्तमान पदनाम- **अपर जिला जज, बुलन्दशहर।**
3. वेतनमान- **1,44,840-1,94,660**

4. वर्तमान विभाग का नाम- **माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद**

5. राज्य सरकार के अधीन प्रथम नियुक्ति के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी करने वाल विभाग का नाम- **उ०प्र०शासन, नियुक्ति अनुभाग-4 (माध्यम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद)**
6. विज्ञप्ति की तिथि- **22 नवम्बर, 2003**
7. विज्ञप्ति के सापेक्ष नियुक्ति की तिथि:- **26.05.2006 (संख्या 2430/II-4-06-32(1)/2001 टी.सी. 1 उ.प्र. शासन नियुक्ति अनुभाग 4, लखनऊ, दिनांकित 26.05.2006)**
8. योगदान की तिथि **17.06.2006**
9. जन्म तिथि **15.07.1974**
10. सेवानिवृत्ति की तिथि **31.07.2034**

मैं **विनीत चौधरी पुत्र स्व० श्री श्री भगवान** शासनादेश संख्या- 14/2024/सा-3-243/दस-2024/301(1)/2024, दिनांक 28 जून, 2024 के अन्तर्गत **पुरानी पेंशन योजना (√)** ~~नई पेंशन योजना~~ (x) में सम्मिलित होने का विकल्प देता हूँ। मेरे द्वारा दिया गया यह विकल्प अंतिम समझा जाय।

हस्ताक्षर- विनीत चौधरी (30/7/2024)
नाम-विनीत चौधरी
पदनाम- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर।
(ID No.-UP 6365)

## घोषणा-पत्र

मैं **विनीत चौधरी** पदनाम-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर यह घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त क्रम संख्या-01 से 10 तक अंकित तथ्य मेरी जानकारी में सही हैं तथा मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षर- विनीत चौधरी (30/7/2024)
नाम-विनीत चौधरी
पदनाम- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर।
(ID No.-UP 6365)

## सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जायेगा

श्री **विनीत चौधरी** पदनाम-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर को उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **पुरानी पेंशन योजना (√)** ~~नई पेंशन योजना~~ (x) में सम्मिलित किये जाने हेतु इस विभाग की संस्तुति / सहमति प्रदान की जाती है।

कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष की संस्तुति